## महत्वपूर्ण एवं खास

### 1 अप्रैल से बीएस-04 वाहनों का नहीं होगा पंजीयन

» वाहन डीलर्स एवं क्रेता बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल हेतु 29 फरवरी तक जमा करें समस्त पेंडिंग फाईल

**रायगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने जिले के नागरिकों एवं वाहन डीलर्स को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 अप्रैल 2020 से बीएस-04 वाहनों का पंजीयन नहीं किया जाएगा। जिन वाहनों का वैध दस्तावेज परिवहन कार्यालय में जमा नहीं किया गया है और वाहन-04 में अप्रूवल शेष है, उन वाहनों का पंजीयन अप्रूवल किया जाना संभव ना हो पाए। अतएव वाहन डीलर्स एवं क्रेता बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल हेतु समस्त पेंडिंग फाईल 29 फरवरी 2020 तक आवश्यक रूप से परिवहन कार्यालय में जमा करें ताकि वाहन विक्रेता के द्वारा विक्रय किए गए समस्त बीएस-04 वाहनों का पंजीयन किया जा सके।

### उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने किया बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन

**रायगढ़।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल ने आज श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल में नवगठित डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रकाश नायक, डॉ.प्रकाश मिश्रा, डॉ.रूपेन्द्र पटेल सहित अन्य डॉक्टर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आय दोगुनी करने की थीम पर आकाशवाणी का किसानवाणी प्रभाग कर रहा कार्य

» जल प्रबंधन, हाईटेक टमाटर उत्पादन पर हुई विशेष चर्चा

**रायगढ़।** आकाशवाणी परिसर में आयोजित रेडियो किसान दिवस के अवसर पर उपस्थित किसानों को वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती के तरीके बताए और साथ ही जल प्रबंधन, हाईटेक टमाटर उत्पादन पर विशेष चर्चा भी हुई। किसानों को प्रदेश के चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी कार्यक्रम पर की जानकारी दी गई। आकाशवाणी का किसानवाणी प्रभाग किसानों की आय दोगुनी करने की थीम पर कार्य कर रहा है। इसके लिए रेडियो के माध्यम से नये-नये तरीके बताए जाते हैं और विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी जाती है। साथ ही उन्नतशील किसानों के अनुभवों को भी रेडियो के माध्यम से साझा किया जाता है। इसी कड़ी में आकाशवाणी परिसर में रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मां भारती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई और कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद किसानवाणी प्रभाग के प्रभारी अधिकारी शशि प्रकाश पांडेय ने इस दिवस के उद्देश्य और थीम की जानकारी दी।

### ड्रोन तकनीकी से होगा कीट नाशकों का छिड़काव किसान मेले में ड्रोन से छिड़काव का प्रदर्शन

**रायपुर।** राष्ट्रीय किसान मेले में ड्रोन तकनीकी से खेतों में कीट नाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। उत्तर भारत के कई राज्यों के किसानों द्वारा इस तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है, धान के खेतों में जब पानी भरा होता है, जिसमें किसान खेत के भीतर जाकर दवाईयों का छिड़काव नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में यह तकनीकी राज्य के किसानों के लिए कारगर हो सकती है। ड्रोन के इस्तेमाल से 5 मिनट में एक एकड़ की फसल में छिड़काव किया जा सकता है।

### दलहन-तिलहन फसलों का कतार बोनी प्रदर्शन बना आकर्षण का केन्द्र

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के फल सब्जी मंडी बाराडेरा रोड में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला में विभिन्न किस्मों के गेंहू, चना, उड़द, अलसी, मसूर, मटर, तिवडा फसलों का कतार बोनी प्रदर्शन प्रमुख आकर्षक का केन्द्र बना है। कतार बोनी से दलहन और तिलहन फसलों में पौधों की पर्याप्त पोषक तत्व मिलता है और पौधों में निदा नियंत्रण में असानी होती है। पौधे से पौधे की दूरी में अन्तर रहता है, जिससे फसल की बढ़वार तेजी से होती है। साथ ही कंसों की संख्या में वृद्धि होती है। कतार बोनी से फसल गिरता नहीं है और फसल नुकसान नहीं होता है। इसके अलावा खाद और दवाई छिड़काव करने में सहुलियत होता है।

# नशे की गलत लत पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता लाने की जरूरत- जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद

## » नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएँ एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक सेवाएँ) योजना की कार्यशाला आयोजित

» सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट पर हुई चर्चा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रमाशंकर प्रसाद ने कहा कि नशे की लत से समाज पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नशे की लत से जूझ रहे लोगों का अनुपात बढना चिंतनीय है, अब वक्त आ गया है कि इस गलत लत पर अंकुश लगाया जाए। समाज को नशामुक्त करने के लिए लोगों में जागरूकता लानी होगी। विशेषकर स्कूल, कालेज के विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता लाने की जरूरत है।

उक्त बातें जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रमाशंकर प्रसाद ने आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 तथा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम पर वर्तमान चुनौतियां एवं परिचर्चा पर कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कहीं।




इस अवसर पर कलेक्टर श्री यशवंत कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा उपस्थित थे। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने कहा कि नशे से संबंधित वर्तमान में दर्ज अपराधों की संख्या को देखते हुए समय-समय पर ऐसी कार्यशाला का आयोजन होते रहना चाहिए और इसमें स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। समाज में कई ऐसे लोग है, जिन्हें पता ही नहीं चलता कि वे कब नशे की लत में पड़ गए है। नशे की गिरफ्त में आ चुके लोग जरूरी नहीं है कि वे अपराधी हों उन्हें सुधरने का मौका देना चाहिए और नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को स्वयं भी इस लत से निकलने का प्रयास करना चाहिए। कई लोग नशे की लत में लूट और मर्डर जैसी बड़ी घटनाएँ कर देते हैं। समस्या बहुत गंभीर है, हमें विवेचना को और अधिक कैसे स्ट्रांग बनाये, इस पर भी चर्चा हेतु के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है, यह बहुत अच्छी बात है।

पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह ने देश में व्याप्त नशा पीड़ितों एवं ड्रग्स से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या तथा इन पर दर्ज मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने समाज में नशा से संबंधित बढ़ते हुए अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रभावी उपायों को बताया तथा विवेचना अधिकारी को विवेचना में बरती जाने वाली प्रक्रियागत सावधानियों एवं विधि के उपबन्धों का पालन कैसे करें, इसके संबंध में चर्चा करने के लिए कहा। नशा के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्ति से संबंधित विषयों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से नालसा के शार्ट फिल्म दिखाया गया तथा नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 तथा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम पर वर्तमान चुनौतियां पर परिचर्चा हुई। कार्यशाला में कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च आर्गनाइजेशन भिलाई की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में आये सचिव श्री अजय कुमार के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नशा के दुष्प्रभावों को उनकी समिति द्वारा नशा पीड़ितों के लिये कल्याणी एकीकृत पुनर्वास एवं नशा मुक्ति केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। जिसमें नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा दिनचर्या बनाई गई है, जिसमें सेशन, थेरेपी, डायरी राइटिंग, मनोरंजन, योगा, ध्यान, उपचार आदि माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नशा पीड़ितों को नशे की लत से दूर करने हेतु उनकी समिति एक रणनीति तैयार करती है और नशा पीड़ित जब एडमिट होता है।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि मेले में लगे स्टालों का किया अवलोकन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राष्ट्रीय कृषि मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ के द्वारा दुग्ध से संबंधित उत्पादों और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन और सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी योजना की जीवंत स्टाल का अवलोकन किया।

## कोतरारोड़ से बालिका लापता जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 22.02.2020 को 15 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट उसकी नानी द्वारा दर्ज कराया गया है । बालिका की नानी ने बताया कि दिनांक 12.02.2020 को बालिका अपनी मां के घर गई थी। दिनांक 21.02.2020 के शाम 7.00 बजे बालिका की मां फोन कर बतायी कि लडकी दिनांक 19.02.2020 के सुबह 9.00 बजे घर जाने के लिये निकली है। बालिका के घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन की जा रही थी कि दिनांक 22.02.2020 को बोईरदादर में रहने वाले युवक ने फोन कर लड़की की मां को बोला कि लड़की मेरे पास है और फोन काट दिया । बालिका के परिजन बोईरदादर जाकर देखे दोनों नहीं मिले । लड़का मूलतः डभरा का रहने वाला है इन्हें शंका है कि बालिका को युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है । रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में संदेही के विरूद्ध अप.क्र. 26/2020 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




## बिजनेश में रूपये लगाने धोखाधड़ी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में दिनांक 22.02.2020 को सारंगढ जनपद पंचायत कार्यालय में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी के पद पर पदस्थ विजय कुजूर पिता फिलमोन कुजूर उम्र 49 निवासी सहसपुर वार्ड नं.06 सारंगढ द्वारा विकास पाल निवासी सिमगा जिला बलौदाबाजार द्वारा कंट्रक्शन बिजनेश में रूपये लगाने को कहकर इनसे 10,00,000/- रूपये लेकर बतौर सिक्योरिटी दो हाईवा वाहन को बिक्रीनामा लिखकर देने की बात कहकर रूपये और वाहन लेकर धोखाधड़ी करने की शिकायत किया गया है , जिस पर आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 15.10.2019 को मेरे दोस्त नरेन्द्र कुमार जांगडे के घर मे विकास पाल नामक व्यक्ति निवासी विश्रामपुर से हुई मुलाकात हुई थी जिसने अपना कंट्रक्शन व्यसाय बताते हुए इस कार्य मे 25,00,000/- रूपये की जरूरत पड़ रही है बोला। विकास पाल ने बताया कि नरेन्द्र कुमार जांगडे इस धंधे मे 14,00,000/-रूपया लगाकर लाभ कमा रहे है । उसके बहकावे मे लेकर नगदी एवं चेक के द्वारा 10,00,000/- रूपये दिया तथा विकास पाल सिक्योरिटी तौर पर दो हाईवा वाहन को बिक्रीनामा लिखकर दिया है पर वाहन नही मिला है ना धंधे मे कोई लाभ दिया। विकास पाल द्वारा बेईमानी से धोखा देकर मुझसे 10,00,000/- रूपये और नरेन्द्र कुमार जांगडे से भी 13,75,000/- रूपये धोखाधड़ी कर ले लिया । आवेदन पर से आरोपी विकास पिता चन्द्रशेखर पाल निवासी विश्रामपुर तहसील व थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार छ0ग0 के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 75/2020 धारा 420 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।




# शासन द्वारा इस वर्ष राज्य गठन के बाद सर्वाधिक धान खरीदी

## » कोचियों एवं बिचौलियों पर बड़ी कार्यवाही

» रायगढ़ जिले में 4830846 क्विंटल धान की खरीदी

» धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए ओड़िसा की सीमा पर कड़ी निगरानी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष राज्य गठन के बाद सर्वाधिक धान खरीदी की गई है। रायगढ़ जिले में इस वर्ष 4830846 क्विंटल धान खरीदी की गई है। जबकि पिछले वर्ष खरीदी 4655514 क्विंटल थी। इस वर्ष विगत वर्ष की तुलना में 175332 क्विंटल धान अधिक खरीदी की गई है।

रायगढ़ जिले में 123 उपार्जन केन्द्र है जिसमें खरीदी हेतु पर्याप्त व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई। सभी उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थित खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया जो प्रतिदिन धान खरीदी की मॉनिटरिंग करते थे और होने वाली धान खरीदी की जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराते थे।

जिले के वास्तविक किसानों को उनकी उपज का मूल्य दिलाने के लिए कोचियों और बिचौलियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। ओड़िसा का सीमावर्ती जिला होने के कारण सीमा पर कड़ी निगरानी रखी गई। जिले में विभिन्न स्थानों पर 11 चेक पोस्ट बनाया गया है। जिसमें राजस्व, खाद्य, पुलिस, वन विभाग के अमलों को तैनात किया गया। अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी कार्यवाही की गई। 42 वाहनों को जब्त किया गया। कोचियों से 51452.45 क्विंटल एवं अंतर्राज्जीय 3458.1 क्विंटल धान जब्त किया गया।

किसानों की समस्या के निदान के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया। साथ ही धनहा एप के माध्यम से किसानों को सुविधा प्रदान की गई है। रायगढ़ जिले में वर्ष 94661 किसान पंजीकृत हुए है इसमें से 90239 किसानों ने अपना धान समितियों के माध्यम से बेचा। कुल पंजीकृत रकबों में से 87.41 प्रतिशत रकबे पर धान विक्रय किया गया है। उपार्जन केन्द्रों में रखे धान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गयी। असामयिक वर्षा से धान को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### मारूति सुजुकी इंडिया एवं एल.आई.सी. ऑफ इंण्डिया के लिए 24 फरवरी को प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 फरवरी सोमवार को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है।प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ई.डी.पी. सर्विसेस, गुरूग्राम हरियाणा द्वारा ट्रेनी सुपरवाईजर के 120 पदों पर, न्यूनतम 10वीं पास 50ः अंको के साथ उत्तीर्ण योग्य आवेदक, जिनकी आयु 18 से 20 वर्ष के मध्य हो कि भर्ती की जावेगी। चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम माह से ही रू. 12528- .1500- बोनस एवं अन्य सुविधाएं निःशुल्क भोजन व्यवस्था) प्राप्त होंगी। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम के रायपुर कार्यालय द्वारा एलआईसी. एजेन्ट के 10 पदों पर भर्तियां भी की जावेगी, जिसके लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं योग्यता 10वीं पास होना होगा।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से पिता-पुत्र घायल



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया राइनो को दिनांक 23.02.2020 के सुबह 11:30 बजे बांसमुड़ा के पास रोड एक्सीडेंट के लिए रवाना किया गया था । जहां दो मोटरसाइकिल के आपस में भिड़ंत होने से एक मोटरसाइकिल पर सवार अंजोर चौहान पिता पूनाराम चौहान उम्र 28 साल निवासी भालूनारा तथा उसका पुत्र संजय चौहान उम्र 7 वर्ष को चोटें आई थी । आहतों को डायल 112 आरक्षक चंद्रशेखर सिंह कंवर द्वारा ईआरव्ही वाहन से सीएचसी खरसिया ले जाकर भर्ती कराया गया है।

### सितारा बस के चालक ने टीवीएस मोपेड को मारी ठोकर वृद्ध महिला, पुरुष घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार राइनो को दिनांक 23.02.2020 के सुबह 11:30 बजे गोढी पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना के इवेंट पर रवाना किया गया । जहां सितारा बस के चालक द्वारा टीवीएस से जा रहे श्याम लाल चौहान पिता भेकलू चौहान उम्र 50 साल और उसकी बड़ी बहन रुकमणी चौहान उम्र 55 वर्ष निवासी रूचिदा को ठोकर मार दिया था । आहतों को डायल 112 स्टाफ द्वारा सीएचसी तमनार ले जाकर भर्ती कराया गया है ।



### ग्राम लोधिया में एक वृद्ध महिला सड़क पर गुम मिली 112 राईनो को



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला राइनों को दिनांक 22.02.2020 के रात्रि करीब 08:30 बजे ग्राम लोधिया में एक वृद्ध महिला उम्र करीब 65 वर्ष के अकेली सड़क पर मिलने पर गुम महिला का इवेंट मिला था। इवेंट पर मौके पर पहुंचे आरक्षक शिवानंद प्रधान एवं जगत ध्रुव द्वारा महिला से पूछताछ किए तो महिला केवल अपने गांव का पता बालीडीह बता पाई । महिला दिमागी रूप से कमजोर लगी जिसे आरक्षकों द्वारा ईआरव्ही वाहन में बिठाकर उसके गांव बालीडीह ले गए जिसे गांव वाले पहचाने जिससे आरक्षकों न उसके परिजनों के सुपुर्द किए।

# किसानों को 2500 रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत- भूपेश बघेल

» गन्ना किसानों को भी पिछली वर्ष की तरह इस वर्ष भी देंगे प्रति क्विंटल 55 रूपए का लाभ

» छत्तीसगढ़ में खेती किसानी बनी फायदे का सौदा





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसानों को हर हाल में 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की कीमत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य और 2500 रूपए के अंतर की राशि 685 रुपये देगी। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के गन्ना उत्पादक किसानों को पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रति क्विंटल 55 रूपए का लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आज रायपुर जिले के तुलसी बाराडेरा फल-सब्जी उपमंडी प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला 2020 का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी फायदे का सौदा बन गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार ढाई लाख अधिक किसान खेती-किसानी से जुड़े हैं। श्री बघेल ने केंद्र सरकार से बायोफ्यूल उत्पादन की अनुमति देने का आग्रह करते हुए कहा कि गाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है।

दुनिया का ध्यान अब ग्रीन एनर्जी की ओर गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधन में 20 प्रतिशत तक बायोफ्यूल मिलाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में धान का प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है इसलिए बायोफ्यूल का उत्पादन होने से किसानों को धान की अच्छी कीमत मिलेगी।

## सोलर पम्प बना किसानों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र



**रायपुर।** कृषि मेले में सोलर कोल्ड स्टोरेज एवं सोलर ड्रायर होगें मुख्य आकर्षण का केन्द्र रायपुर जिले के ग्राम तुलसी बाराडेरा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले में क्रेडा द्वारा जीवंत मॉडल प्रदर्शित किये जा रहे हैं, जो आकर्षण के केन्द्र हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा ने बताया कि कृषि मेले में प्रथम बार सोलर कोल्ड स्टोरेज एवं सोलर ड्रायर के लाईव मॉडल प्रदर्शित किया जा रहा है। इन्हें देखने के बाद छत्तीसगढ़ के किसान प्रेरित हो रहे हैं। कृषि मेले में क्रेडा द्वारा सोलर कोल्ड स्टोरेज कृषकों के लिये प्रदर्शन हेतु लगाया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कृषकों को उनकी उपज का सही संरक्षण कर धनोपार्जन में वृद्धि का सरल समाधान कोल्ड स्टोरेज है। इसका आकार 20 फीट के कंटेनर जितना होता है (20ग8ग8फीट), के कोल्ड स्टोरेज में 05 टन तक फल व सब्जी रखी जा सकती है। यह 4.5 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट से संचालित होता है। सौर ऊर्जा ना होने पर भी कोल्ड रूम 24 से 30 घंटे तक का बैकअप प्रदान करता है। क्योकि इसके स्टोरिंग कंटेनर के परतों के भीतर एक रसायनिक तरल पदार्थ थर्मोफ्ल्यूड्स भरा होता है जो दिन के समय ऊर्जा प्राप्त कर बर्फ में परिवर्तित हो जाता है, एवं सूर्यास्त अथवा सौर ऊर्जा ना होने पर पिघलता रहता है। जिसके कारण कंटेनर का तापमान 04 से 10 डिग्री एवं आद्रता यथावत बनी रहती है। सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज पर 04 लाख रूपये अनुदान का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अभी तक 50 सोलर कोल्ड स्टारेज स्थापित किये गये हैं। स्टाल में सोलर ड्रायर को प्रदर्शित किया जा रहा है। सोलर ड्रायर के उपयोग से किसान अपनी सब्जियो को या फलों को संरक्षित कर अपने उपयोग हेतु रख सकते है। सोलर ड्रायर का अनुकुल तापमान 60 डिग्री होने के कारण सब्जियों-बीजों की आद्रता पूर्णता निकल जाती है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480